# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2024/955 दिनांक : 04/01/2024

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत
## स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध परीक्षा-2024 के परीक्षा फार्म भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति एवं दिशा-निर्देश

**(केवल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पीजी कक्षाओं में अध्ययनरत नियमित परीक्षार्थियों हेतु)**

विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक राऋभमवि/अल/अकाद-I/2023/1009 दिनांक 04.08.2023 की अनुपालना में राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के निम्नांकित पाठ्यक्रमों के समस्त परीक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा-2024 के आवेदन पत्र वेबसाईट www.univindia.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरने हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम घोषित किया जाता है :

| पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रू. 100/-सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500/-सहित | विलम्ब शुल्क रू. 1000/-सहित |
|---|---|---|---|---|
| स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध *(विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पीजी पाठ्यक्रम – भूगोल, गणित, अंग्रेजी, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान)* के नियमित एवं पूर्वछात्र | 06.01.2024 से 20.01.2024 | 21.01.2024 से 23.01.2024 | 24.01.2024 से 25.01.2024 | परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से 07 दिवस पूर्व तक |

**नोट : स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध (वार्षिक पद्धति) की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु शीघ्र ही पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी।**

## सामान्य निर्देश

1. नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी-ग्रेड (C-Grade) न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक एवं न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी।
2. गत परीक्षा-2023 में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में अनुत्तीर्ण रहे सभी विद्यार्थियों (Ex-Students) की परीक्षाएं सेमेस्टर प्रणाली के अनुरूप ही आयोजित होंगी।
3. **सभी परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है।** अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई.डी., आधार नम्बर व ABC ID दर्ज करें।
4. परीक्षा विज्ञप्ति एवं दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in पर उपलब्ध है।
5. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान एक बार किये जाने के पश्चात पुनः भुगतान, 24 घण्टे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify करने पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में ही किया जावें। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नही होगा।
6. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में सम्बन्धित विभाग में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। विभाग द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
7. परीक्षार्थी आवेदन पत्र निर्देशों को भली-भांति पढकर ही भरें। यदि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुसार नहीं भरा जाता है तो आवेदन पत्र/परीक्षा निरस्त होने के लिए परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
8. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझे जाएगें।
9. ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें। राजस्थान बोर्ड/ राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के अतिरिक्त परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रवजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) एवं मूल अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति संलग्न करें।

10. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र की सूचना उनके परीक्षा प्रवेश-पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।
11. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात निर्धारित समय सीमा मे परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी संबधित विभाग में जमा नहीं कराते है, उन्हें सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।
12. सम्बन्धित विभाग नामांकन/परीक्षा फार्मों की हार्ड कॉपी को पोर्टल पर वैरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उसी सूची के अनुरूप परीक्षा फार्मों को संकाय/कक्षावार फार्म संख्या के क्रमानुसार व्यवस्थित करें। नामांकन फार्मों को मूल प्रवजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाओं के साथ सूची सहित विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत किया जाये।
13. समस्त विभागाध्यक्षक/प्रभारी यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार सही है एवं परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा-निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in पर उपलब्ध है।
14. माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

**स्नातकोत्तर स्तर (PG) की सेमेस्टर परीक्षा-2024 के लिए परीक्षा शुल्क**

**(केवल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पी.जी. कक्षाओं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)**

| S. No. | Name of Examination | Category of Students | |
|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students |
| 1. | Student already enrolled<br>M.A./M.Sc.(Previous) | ₹ 1870/- | ₹ 2340/- |
| 2. | Student not enrolled<br>M.A./M.Sc.(Previous) | ₹ 2550/- | - |
| 3. | Physically Challenged Students of Above All Categories | ₹ 730/- | ₹ 830/- |

**नोट :**

1. **विकास शुल्क** रू. 50/- तथा **स्पोर्ट्स बोर्ड शुल्क** रू. 50/- प्रत्येक नियमित परीक्षार्थी द्वारा देय होगा।
2. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध मे कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र जो कि चिकित्सा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा सामान्य निर्धारित शुल्क देय होगा।
3. छात्र सुविधा हेतु हेल्पलाईन नम्बर **9672612656** पर सम्पर्क कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक